# सीएम ने किया एमजी रोड थाने का औचक निरीक्षण, व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश




**इंदौर. मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को शहर के एमजी रोड थाने का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं, पुलिस स्टॉफ की मौजूदगी और जनता से जुड़ी सेवाओं का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान सीएम ने थाने में दर्ज शिकायतों, लंबित प्रकरणों तथा आने वाले नागरिकों को मिलने वाली सुविधा, सुरक्षा आदि की विस्तृत जानकारी ली.**

निरीक्षण के दौरान सीएम ने स्पष्ट कहा कि शहर के मध्य क्षेत्र में स्थित यह थाना सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण थानों में से एक है, इसलिए यहां की कार्यप्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्था और चुस्त रखने, हर शिकायतकर्ता से संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करने तथा अपराधों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

सीएम ने थाने के रिकॉर्ड, महिला डेस्क, कंट्रोल रूम से संवाद और परिसर की सुरक्षा व्यवस्था भी देखी. उन्होंने पुलिस टीम को क्षेत्र में बढ़ती भीड़भाड़ और ट्रैफिक दबाव को ध्यान में रखते हुए अधिक सतर्कता बरतने तथा पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए. निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पुलिस की मौजूदगी जनता को सुरक्षा का भरोसा देती है, इसलिए थाने के कामकाज से लेकर फील्ड पर तैनाती तक हर स्तर पर प्रोफेशनलिज्म और तत्परता दिखनी चाहिए.



# होटल स्टॉफ के अपहरण की वारदात का खुलासा

- हीरानगर पुलिस ने 7 आरोपियों को कुछ ही घंटों में दबोचा
- होटल स्टॉफ से मारपीट कर मांगी थी फिरौती

नव भारत न्यूज

**इंदौर. हीरानगर क्षेत्र में होटल स्टॉफ से मारपीट और धमकाकर अपहरण करने और 50 हजार रुपए की जबरन वसूली मांगने वाले गिरोह को पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया. घटना का खुलासा पुलिस की सक्रियता, तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण और आसपास के क्षेत्रों की गहन जांच के बाद हुआ. पकड़े गए आरोपियों में कई आदतन अपराधी शामिल हैं, जिनके खिलाफ पहले भी अनेक मामले दर्ज हैं.**

सहायक पुलिस आयुक्त हीरानगर रूबिना मिजवानी ने बताया कि वारदात गुरूवार दोपहर उस समय हुई, जब स्कीम नंबर 136 स्थित होटल सैफरॉन ब्रिलियंट ऑरा में आरोपी दीपक गौड़ और उसकी मंगेतर ने कमरा बुक किया. कुछ देर बाद दोनों ने होटल स्टॉफ पर झूठा आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया कि उनका अश्लील वीडियो बनाया है. मामले को लेकर स्टॉफ अरविंद और अनिरुद्ध से उनकी कहासुनी हो गई, जिसके बाद आरोपियों ने दोनों के साथ मारपीट की और फोन चेक किया, लेकिन कोई वीडियो नहीं मिला. इसके बावजूद आरोपियों ने दोनों कर्मचारियों को जबरन अपनी गाड़ी में बैठाया और कहा कि उन्हें छुड़ाने के लिए 50 हजार रुपए देने होंगे.

## आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी दर्ज हैं अपराध

शिकायत मिलते ही हीरानगर थाना पुलिस सक्रिय हो गई. कई टीमों को संभावित स्थानों पर भेजा और घटना स्थल व आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले. लगातार पीछा करते हुए पुलिस ने सातों आरोपियों ऋषि ठाकुर, कीर्तन गौड़, दीपक गौड़, श्रवण गौड़, सुमित प्रजापत, राज गौड़ और सोनू उर्फ निमेश गौड़ को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने सभी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. जांच में यह भी सामने आया कि गिरफ्तार आरोपियों में कई के खिलाफ पूर्व में 3 से 7 तक अपराध दर्ज हैं. पुलिस ने घटना में उपयोग की गई मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई है.

# फरार इनामी ड्रग्स तस्कर क्राईम ब्रांच के हत्थे चढ़ा

- ड्रग नेटवर्क पर फिर कार्रवाई, फरार आरोपी तुकोगंज से धराया

नव भारत न्यूज

**इंदौर. क्राईम ब्रांच की टीम ने अवैध मादक पदार्थों के नेटवर्क की एक और महत्वपूर्ण कड़ी उजागर की है. क्राइम ब्रांच ने एनडीपीएस एक्ट के एक चर्चित प्रकरण में फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है.**



शहर में नशे के अवैध कारोबार पर सख्ती के निर्देशों के तहत क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में फरार चल रहे एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी रेहान खान, निवासी प्रतापगढ़ राजस्थान पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित था. टीम ने तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना के आधार पर उसे तुकोगंज क्षेत्र के कंचन बाग इलाके से पकड़ा. एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि यह गिरफ्तारी एनडीपीएस एक्ट से संबंधित है. इसी प्रकरण में क्राइम ब्रांच पहले ही 255 ग्राम एमडी ड्रग के साथ दो आरोपियों नसीब खान और साहिल मंसूरी को पकड़ चुकी है. प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने रेहान सहित अन्य साथियों की भूमिका की जानकारी दी थी, जिसके बाद उसकी तलाश की जा रही थी. गिरफ्तार आरोपी मात्र 9वीं तक पढ़ा है और टेंट की दुकान में काम करता है. पूछताछ में उसने कबूला कि वह सस्ते दाम पर एमडी खरीदकर नशे के आदी लोगों को महंगे दाम पर बेचता था. उसने यह भी बताया कि उसके क्षेत्र प्रतापगढ़ में बड़ी संख्या में लोग इस अवैध कारोबार से जुड़े हैं. आरोपी का पुलिस रिमांड लेकर उसके गैंग, सप्लाई के स्रोत और नेटवर्क के अन्य सदस्यों के संबंध में पूछताछ कर रही है.

## समाधान योजना से मिली बड़ी राहत

इंदौर. राज्य सरकार की समाधान योजना उपभोक्ताओं के लिए राहत का बड़ा जरिया बन रही है. शहर के मालवा मिल क्षेत्र के उपभोक्ता शाकिर अली को इस योजना के तहत करीब तीन लाख रुपए का सरचार्ज माफ हुआ है. कोविड अवधि के दौरान उनका लंबित बिजली बिल सरचार्ज सहित करीब साढ़े छह लाख रुपए तक पहुंच गया था. शुक्रवार को उन्होंने मूल राशि जमा की, जिसके बाद वर्षों से जुड़ा सरचार्ज तत्काल माफ हो गया. शाकिर अली ने योजना को आमजन के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें और उनके परिवार को बड़ी आर्थिक राहत मिली है. मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि अब तक 9715 उपभोक्ता इस योजना का लाभ ले चुके हैं.

# इंदौर एयरपोर्ट पर दो दिन और बढ़ाया हाई अलर्ट

**इंदौर. दिल्ली के लालकिले के बाहर हुई घटना के बाद इंदौर हवाई अड्डे पर सुरक्षा सख्त कर दी गई है. ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) के निर्देश पर एयरपोर्ट का हाई अलर्ट तीन की जगह अब पांच दिनों तक प्रभावी रहेगा.**

बीसीएएस मुख्यालय से इंदौर एयरपोर्ट प्रबंधन को भेजे गए पत्र में सुरक्षा सतर्कता बढ़ाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, इसमें कहा गया है कि यात्रियों के साथ-साथ उन्हें छोड़ने या लेने आने वाले लोगों की भी जांच अनिवार्य रूप से की जाए. निर्देश के बाद एयरपोर्ट से आने-जाने वाले सभी वाहनों की सघन जांच की जा रही है. सीआईएसएफ, पुलिस और एयरपोर्ट सुरक्षा दल संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान में जुटे हैं. हवाई अड्डे के भीतर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है.

**आसपास के क्षेत्रों में भी बढ़ाई सर्चिंग**-वहीं आसपास के क्षेत्रों में भी सर्चिंग बढ़ा दी गई है. एयरपोर्ट के पास स्थित होटल, लॉज और फार्म हाउस में ठहरे लोगों की सत्यापन प्रक्रिया चल रही है. पुलिस ने मकान मालिकों और होटल संचालकों को किराएदारों और मेहमानों की जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं. चेतावनी दी गई है कि जानकारी छिपाने या सत्यापन में सहयोग न करने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

## एक नजर में

### सीएमएचओ ने किया पीसी सेठी अस्पताल का औचक निरीक्षण



इंदौर. स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सामने आई शिकायतों की जांच करने पहुंचे शीर्ष स्वास्थ्य अधिकारी ने शुक्रवार को पीसी सेठी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया. आरोप था कि इलाज के लिए आने वालों को डॉक्टरों की लेट लतीफी के कारण परेशान होना पड़ रहा है. मौके पर हुई जांच में स्थिति इसके उलट दिखी और स्टाफ समय पर मौजूद मिला. निरीक्षण दल ने वार्डों से लेकर ओपीडी तक व्यवस्था देखी. सभी डॉक्टर और अन्य कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात मिले. अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल में मरीजों की भीड़ को देखते हुए सेवा व्यवस्था सुचारू रखने के लिए स्टाफ को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं. सभी को समयपालन के साथ मरीजों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाने के लिए कहा है. निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधन को ओपीडी में आने वालों का विशेष ध्यान रखने और जरूरी सुविधाएं बिना विलंब उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए. स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि ऐसे निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे, ताकि किसी तरह की लापरवाही की गुंजाइश न रहे.

### घर का ताला तोड़कर आभूषण और नकदी ले उड़े चोर

इंदौर. थाना बाणगंगा क्षेत्र के न्यू राम नगर में देर रात डेढ़ से तीन बजे के बीच चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है. गली नंबर 6 में रहने वाले सुरेंद्र महतो ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके घर का ताला अज्ञात बदमाश तोड़कर भीतर घुसे और अलमारी में रखे आभूषण व नकदी चोरी कर ले गए. थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि चोर सोने की एक चैन, एक लॉकेट, सोने की एक जोड़ी बाली, चांदी की होसुली-कड़ा तथा चार हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए. फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस टीम आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और घटना के समय संदेहास्पद गतिविधियों की जांच जारी है.

### संभाग स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में युवा निशानेबाजों ने दिखाया कौशल



इंदौर. श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में संभाग स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें शहर के विभिन्न संस्थानों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. स्पर्धा का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने किया. मुख्य अतिथि के रूप में होलकर साइंस कॉलेज की प्राचार्य मेजर डॉ. अनामिका जैन मौजूद थीं. विशिष्ट अतिथि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के पूर्व निदेशक डॉ. सुनील दुधाले थे. संचालन सुश्री प्रतिभा अग्रवाल ने किया. इस अवसर पर डॉ. दीपा कटियाल, डॉ. मंदीप गिल, कल्पेश भट्ट के अलावा सरकारी खेल अधिकारी, प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे. आभार संयोजक एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. राघव जायसवाल ने व्यक्त किया.

### एक लाख की ब्राउन शुगर के साथ सप्लायर धराया

इंदौर. नारकोटिक्स विंग ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए की गई कार्रवाई में एक युवक को 19 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया. टीम को यह सफलता मुखबिर की विश्वसनीय सूचना पर मिली, जिसमें बताया गया था कि वल्लभ नगर का एक युवक एमआर-10 रोड स्थित आईएसबीटी क्षेत्र में नशा सप्लाई करने पहुंचने वाला है. नारकोटिक्स डीएसपी संतोषसिंह हाड़ा ने बताया कि सूचना मिलते ही निरीक्षक पद्म सिंह कायत ने टीम गठित कर मौके पर भेजी. बताए गए हुलिये का युवक दिखते ही टीम ने घेराबंदी की और उसे पकड़ लिया. तलाशी में उसके कब्जे से करीब एक लाख रुपए कीमत की 19 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है. विंग आरोपी से पूछताछ कर रही है.

# ईओडब्ल्यू भोपाल की टीम ने इंदौर में दो संस्थानों में की जांच

- एलएनसीटी कैंपस और आशा एजुकेशन सोसायटी में छानबीन की
- वित्तीय अनियमितताओं की जांच में दस्तावेज और डिजिटल डेटा जुटाया

**इंदौर.** वित्तीय गड़बड़ी, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के पुराने मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) भोपाल विंग ने शुक्रवार को इंदौर में एलएनसीटी के कनाड़िया रोड स्थित कैंपस और विजय नगर इलाके में आशा एजुकेशन सोसायटी के कार्यालय पर छानबीन की. टीम सुबह डीएसपी पंकज गौतम के नेतृत्व में इंदौर पहुंची, जहां स्थानीय विंग के साथ मिलकर दोनों स्थानों पर सर्चिंग की गई.

सूत्रों के अनुसार ईओडब्ल्यू ने इससे पहले एलएनसीटी के खिलाफ एक प्रकरण दर्ज किया था. इसके बाद संस्था द्वारा हाईकोर्ट में लगाई गई याचिका खारिज होने के बाद जांच फिर से शुरू की गई है. जिसके तहत शुक्रवार को टीम ने दस्तावेज, डिजिटल रिकॉर्ड और फोरेंसिक से जुड़े आवश्यक साक्ष्य जुटाए. अधिकारियों ने बताया कि अभी जांच प्रारंभिक चरण में है, इसलिए किसी निष्कर्ष या कार्रवाई के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा. ईओडब्ल्यू इंदौर के एसपी रामेश्वर यादव ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई भोपाल विंग द्वारा की गई है और इंदौर इकाई की इसमें कोई भूमिका नहीं है.

# शौक ने बनाया चोर : दो बदमाश पकड़े, आठ बाइक बरामद

**इंदौर. सेंट्रल कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो वाहन चोरों को दबोचकर आठ चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं. पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी अपना शौक पूरा करने के लिए गाड़ियां चुराकर सस्ते दामों पर बेच देते थे.**



डीसीपी राजेश व्यास के निर्देश पर सेंट्रल कोतवाली पुलिस की टीम ने पटेल ब्रिज के पास चेकिंग पाइंट लगाया था. इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध युवक आते दिखे. पुलिस को देखकर वे यू-टर्न लेने लगे, जिस पर सिपाहियों ने उन्हें घेरकर रोक लिया. कागजात मांगे गए तो दोनों भागने लगे, लेकिन पुलिस ने पीछा कर दबोच लिया. पूछताछ में उनकी पहचान अनवर हुसैन निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी और शोएब अली निवासी हाजी कॉलोनी के रूप में हुई. सख्ती से पूछे जाने पर उन्होंने बुरहानपुर बस स्टैंड क्षेत्र से कई मोटरसाइकिलें चुराने की बात कबूली. उनकी निशानदेही पर आठ बाइक जब्त कर ली गई हैं.

## आरोपियों ने बुरहानपुर और इंदौर की वारदातें कबूली

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अपना शौक पूरा करने के लिए गाड़ियां चुराते थे और बाद में उन्हें सस्ते दामों में बेच देते थे. आरोपियों ने जिन लोगों को ये गाड़ियां बेची गई थीं, पुलिस ने उनसे भी पूछताछ शुरू की है. जरूरत पड़ने पर उन्हें भी आरोपी बनाया जा सकता है. शहर में प्रतिदिन दस से अधिक वाहन चोरी की वारदातें सामने आती हैं. गिरफ्तार आरोपियों ने बुरहानपुर के अलावा इंदौर में भी कुछ चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात भी मानी है.

# दो युवाओं को आया हार्ट अटैक, अस्पताल ले जाने से पहले ही मौत

**इंदौर. शहर में आज दो अलग-अलग युवकों की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई, दोनों युवकों की मौत साइलेंट हार्ट अटैक से होना बताया जा रहा है. वहीं, दो अन्य लोग जहरीला पदार्थ पीने से अस्पताल में भर्ती हैं.पुलिस चारों मामले में जांच कर रही है.**




पुलिस के अनुसार, सनावदिया में रहने वाले 29 वर्षीय राहुल पिता हंसराज सुबह करीब पांच बजे सीने में तेज जलन की शिकायत के बाद अचानक गिर पड़े. परिजन उन्हें बड़े अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके. प्राथमिक रूप से साइलेंट अटैक का संदेह जताया जा रहा है. पुलिस ने बताया कि राहुल कार कंपनी में काम करते थे. उनके परिवार में पत्नी, पांच साल का एक बेटा और तीन साल की एक बेटी है. वहीं, दूसरी घटना चंदन नगर की है, जहां 35 वर्षीय नईम पिता काले खां की हृदय गति रुकने से मौत हो गई. नईम फेब्रिकेशन का काम करता था. सुबह बाथरूम जाने के दौरान अचानक गिर पड़ा, इसके बाद उसे बड़े अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने बताया कि नईम के दो बच्चे हैं.

## विवाहिता सहित दो लोगों ने जहर खाया, अस्पताल में भर्ती

छोटा बांगड़दा की तनु पति लोकेश ने जहरीला पदार्थ पी लिया. उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया है. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ससुराल पक्ष से परेशान होने पर उसने यह कदम उठाया. परिवार का आरोप है कि तनु को ससुराल वालों द्वारा कई दिनों से प्रताड़ित किया जा रहा था. पुलिस उसके बयान दर्ज करने की तैयारी में है, बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. वहीं, पिगडंबर निवासी शिवराम ने पानी समझकर जहरीला पदार्थ पी लिया, उसे भी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है. पुलिस दोनों ही मामले दर्ज कर जांच कर रही है.

# ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाली गैंग पकड़ाई

## फर्जी साइट बनाकर निवेश का झांसा, विजय नगर पुलिस ने तीन को दबोचा

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** ऑनलाइन ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा कमाने का सपना दिखाकर लोगों से लाखों रुपए हड़पने वाले गैंग पर विजय नगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने मेघदूत गार्डन क्षेत्र से तीन युवकों को गिरफ्तार किया है, जिन पर फर्जी वेबसाइट की लिंक भेजकर निवेश कराने और उसके बाद रकम हड़पने का आरोप है. अब तक लगभग 40 लाख रुपए की धोखाधड़ी सामने आ चुकी है.



थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी बातचीत के दौरान अपनी पहचान छिपाते थे और पीड़ितों को कम निवेश में अधिक मुनाफा दिखाकर जाल में फंसाते थे. रकम हाथ लगते ही वह इसे नशे और अय्याशी में खर्च कर देते थे. लगातार मिल रही शिकायतों और क्षेत्रीय निगरानी के चलते पुलिस ने संदिग्ध गतिविधि देख तीन युवकों को पकड़ा. पूछताछ में पूरा फर्जीवाड़ा उजागर हो गया. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शिवेंद्र सिंह चंदेल निवासी हमीरपुर (उप्र), चिराग पंवार निवासी बैतूल और प्रवीण गोयल निवासी शाजापुर के रूप में हुई है. तीनों फिलहाल इंदौर में किराये से रहकर फर्जी साइट के जरिये लोगों से निवेश कराते थे. मोबाइल जांच में उनके पास से अनेक चैट, लिंक और फर्जी निवेश लेनदेन के साक्ष्य मिले हैं. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है. टीम अभी अन्य पीड़ितों की जानकारी जुटा रही है और आरोपियों से नेटवर्क तथा अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ जारी है.

एक नजर में | राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस पर ऐतिहासिक फैसला

# प्रदेश में उम्रकैद के 32 बंदी समय पूर्व आज होंगे रिहा

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** राज्यपाल मंगू भाई पटेल के निर्देशन में मध्यप्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए 15 नवम्बर राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस पर आजीवन कारावास की सजा काट रहे 32 बंदियों को समय-पूर्व रिहाई का आदेश जारी कर दिया है. इनमें 9 बंदी जनजाति समुदाय के हैं.

मध्यप्रदेश शासन के जेल विभाग ने आदेश जारी कर यह विशेष रिहाई लागू की. यह निर्णय भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर लिया है. इसी के साथ राज्य में पहली बार राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस को उन प्रमुख राष्ट्रीय अवसरों की श्रेणी में शामिल कर दिया है, जिन पर अच्छे आचरण वाले आजीवन कारावास के कैदियों को सजा में छूट और समय-पूर्व रिहाई दी जाती है. सरकार द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 432, 433 और 433 (क) तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की संबंधित धाराओं में संशोधन के साथ 15 नवम्बर को वार्षिक रिहाई सूची में जोड़ा लिया है.

## इंदौर सेंट्रल जेल से भी होंगे दो कैदी रिहा

राज्यपाल के निर्णय का व्यापक असर यह है कि रिहाई सिर्फ जनजाति समुदाय तक सीमित नहीं, बल्कि पात्रता मानकों के अनुरूप सभी वर्गों के 32 बंदियों को यह लाभ दिया है. इंदौर की केंद्रीय जेल से भी दो बंदी सुनिल पिता रामलाल और मंशाराम पिता सिदु को शनिवार को रिहा किया जाएगा. जेल महानिदेशक डॉ. वरुण कपूर ने बताया कि शासन का यह कदम सुधारात्मक न्याय की भावना को तो मजबूत करता ही है, जेल प्रणाली में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रयास है.

## अब साल भर में पांच बार होगी कैदियों की रिहाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में लिए गए इस निर्णय ने राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस को राष्ट्रीय महत्व के चार प्रमुख दिनों स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, गांधी जयंती और डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती की श्रेणी में स्थापित कर दिया है. इस पहल के बाद मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जहां साल में पांच अवसरों पर पात्र बंदियों को समय पूर्व रिहाई का लाभ मिलेगा. सरकार का कहना है कि यह कदम जनजाति समाज के गौरवशाली योगदान को सम्मानपूर्वक स्वीकार करने की दिशा में बड़ा प्रतीकात्मक संदेश देता है.